# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा– पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए पेश की चुनौती : मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकलने का दिलाया भरोसा।
2. प्रधानमंत्री ने नागरिकों से की अफवाहों से सतर्क रहने की अपील, केवल सरकारी सूचनाओं पर ही भरोसा करने का किया आग्रह।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में नर्सिंग अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र : कहा– पूरी पारदर्शिता के साथ पिछले 9 वर्षों में 9 लाख युवाओं को दी गई सरकारी नौकरी।

और

4. प्रदेश में कल से शुरू होगी गेहूं की खरीद, 2 लाख 24 हजार से अधिक किसानों ने कराया पंजीकरण : मुख्यमंत्री ने क्रय केंद्रों पर हर जरूरी व्यवस्थाएं करने के दिए निर्देश।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि दुनिया भर में पेट्रोल और डीज़ल का संकट बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति ने भारत की ऊर्जा जरूरतों के लिए चुनौती उत्पन्न कर दी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि यह मुश्किल समय है। बाइट...

*जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है। वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध अलग–अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ बना है। इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।*

प्रधानमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कोविड महामारी की तरह ही देश इस मुश्किल हालात से सफलता से बाहर निकल जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि खाड़ी देशों में लाखों भारतीय रहते हैं। उन्होंने 1 करोड़ से अधिक भारतीयों को हर तरह की सहायता देने के लिए खाड़ी देशों को धन्यवाद दिया और लोगों से अपील की कि वे सामूहिक रूप से इस चुनौती का मुक़ाबला करें। श्री मोदी ने कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

श्री मोदी ने यह भी कहा कि इस मामले में अफ़वाह फैलाने वाले लोग देश का बहुत बड़ा नुक़सान कर रहे हैं। उन्होंने देशवासियों से अफ़वाहों के बहकावे में न आने और

सरकार द्वारा दी जा रही जानकारी पर ही भरोसा करने की अपील की। बाइट...

*मैं गल्फ कंट्रीज का बहुत आभारी हूं। वह ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं, जो लोग इस विषय पर भी राजनीति कर रहे हैं, उन्हें राजनीति नहीं करनी चाहिए यह देश के 140 करोड़ देशवासियों के हित से जोड़ा विषय है। मैं सभी देशवासियों अपील भी करूंगा कि वह जागरूक रहे, बहकावें में ना आए, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें।*

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की महान संस्कृति और विरासत को दिखाने वाले ज्ञान भारतम सर्वे पर ज़ोर दिया।

बाइट...

*हमारी महान संस्कृति और समृद्धि विरासत से है। इसका उद्देश्य देश भर में मौजूद पांडुलिपियों के बारे में जानकारी जमा करना है। इस सर्वे से जुड़ने का एक माध्यम भारतम् ऐप है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में संपन्न टी–20 क्रिकेट विश्वकप में भारतीय टीम की जीत पर गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तर प्रदेश के गुलवीर सिंह की चर्चा की जिन्होंने न्यूयॉर्क सिटी हाफ मैराथन में तीसरा स्थान हासिल कर इतिहास रचा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश के वाराणसी में, एक घंटे में 2 लाख 51 हजार से अधिक पौधे लगाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया गया है। यह हजारों लोगों की भागीदारी से संभव हुआ। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत देशभर में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी का उल्लेख किये जाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिये अत्यंत गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए वाराणसी के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि लगभग 350 बीघा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे 'नमो वन' शहरी वन परियोजना के अंतर्गत इस विशाल वृक्षारोपण अभियान को अंजाम दिया गया। बाइट...

*नमो वन काशी में एक ग्रीन लंग्स के रूप में विकसित किया जा रहा है और उसका उद्देश्य है कि काशी के लोगों को ऐसा एक हरित क्षेत्र मिले जहां पर जाकर अपने पिकनिक मनाना हो, साइकिलिंग करना हो, वॉकिंग करना हो, एक स्वच्छ सुंदर वातावरण में वह कर पाएं। इसकी सुरक्षा के लिए भी कई इंतजामात किए गए हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी की मन की बात में उन्होंने इसका अंकन किया इसके लिए हम सभी काशी वासी इसके लिए बहुत खुश हैं और उनका हृदय से धन्यवाद देते हैं।*

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का प्रभाव देश के कोने–कोने में दिखने लगा है। इस योजना के तहत कई लोगों ने अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मेरठ के अरुण कुमार भी अब अपने इलाके में अतिरिक्त बिजली बेच रहे हैं। प्रधानमंत्री द्वारा कार्यक्रम में अपने नाम का उल्लेख किए जाने पर अरूण कुमार ने खुशी जताई और प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया।

बाइट....

*मन की बात सुन रहा था, प्रधानमंत्री जी ने मेरा नाम गांव का और मेरे जिले का नाम लिया तो मैं इतना खुश हूं आज तहे दिल से उनको धन्यवाद करता हूं।*

प्रधानमंत्री ने बाराबंकी के युवा लेखक सौरभ वैसवार का भी जिक्र किया और किसान कल्याण पर लिखे गये उनके लेख की प्रशंसा की।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। संस्थान में कुल 665 नर्सिंग अधिकारियों का चयन किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। सरकार ने पिछले 9 वर्षों में 9 लाख अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी दी है। बाइट....

*पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को यहां पर सरकारी नौकरियां दी है। एक भी नौकरी की पारदर्शिता पर उसकी प्रक्रिया की सूचिता पर चयन की प्रक्रिया पर विरोधी भी प्रश्न नहीं उठा सकता। यह नियुक्ति की प्रक्रिया जो आज सफलतापूर्वक संपन्न हो रही है। मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों*

*का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है। परिणाम क्या है? एक किसी प्रकार का कोई डिस्टर्बेंस नहीं है। माननीय न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है।*

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पश्चिम एशिया तनाव के मद्देनजर पेट्रोल–डीजल संकट का भो उल्लेख किया। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

बाइट....

*खाड़ी में क्या हो रहा है, यूरोप में क्या हो रहा है, यूएस में क्या हो रहा है तो उस चैलेंज को देखते हुए हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य बनता है कि हम भी इस समय किसी अफवाह पर ध्यान देने की बजाय हम भी देश के अंदर देश की लीडरशिप के द्वारा जो मार्गदर्शन दिया जाता है, हम भी उसका पालन करें। अफवाह में ना पड़े।*

——————————

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने आज राजकोट से वर्चुअली देश के विभिन्न हवाई अड्डों पर कई यात्री सुविधाओं का शुभारंभ किया। जिनमें लखनऊ और वाराणसी में उड़ान यात्री कैफे की शुरूआत हुई, वहीं आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर, कुशीनगर, मुरादाबाद, प्रयागराज, वाराणसी निःशुल्क वाईफाई सुविधा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर श्री नायडु ने कहा कि उड़ान यात्री कैफे हवाई यात्रा को सभी के लिये आसान, सुलभ और आधुनिक भारत की जरूरतों के अनुरूप बनाने की सरकार की सोच को दर्शाता है।

——————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज जनपद मिर्ज़ापुर में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए आम–जनमानस और एनडीए के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

————————

प्रदेश में गेहूं खरीद कल से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। गेहूं खरीद शुरू होने से पहल ही 2 लाख 24 हजार से अधिक किसानों ने बिक्री के लिए पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में अब तक 3 हजार 574 क्रय केंद्र भी स्थापित कर लिए गए हैं। गेहूं का न्यूनतम समर्थन म्ल्य–एमएसपी 2 हजार 585 रुपये प्रति कुंतल तय किया गया है, जो पिछले साल की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल अधिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर बिक्री के लिए आने वाले किसानों को किसी भी सूरत में परेशानी नहीं होनी चाहिए। मौसम को देखते हुए हर जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं।

————————

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य, प्रवर अधोनस्थ सेवा–पीसीएस मुख्य परीक्षा–2025 आज शुरु

हो गई। यह परीक्षा प्रयागराज और लखनऊ के 27 केंद्रों पर हो रही है। मुख्य परीक्षा एक अप्रैल तक चलेगी।

—————————

मौसम विभाग ने कल और 31 मार्च के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की भी आशंका है।

—————————